उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-3
संख्या-91/2812/47-का-3-14-13/7/2006
लखनऊ : दिनांक : 15 दिसम्बर, 2014

अधिसूचना

अधिसूचना संख्या-1529/79-वि.-1-14-1(क)10/2014, दिनांक 4.12.2014 के द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2014 (अधिनियम संख्या-20, सन् 2014) की धारा-2 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वेतन बैण्ड-1 (रूपये 5200-20200) ग्रेड पे रू0-1900/- एवं इससे अधिक किन्तु वेतन बैण्ड-2 (रूपये 9300-34800) ग्रेड पे रू0-4600/- से कम के सीधी भर्ती के समस्त पद, राज्यपाल महोदय, अधीनस्थ सेवा चयन आयेग की परिधि में विनिर्दिष्ट करते हैं।

2- राज्यपाल महोदय, यह भी आदेश देते हैं कि पूर्व में उक्त वेतनमानों/ ग्रेड पे के मध्य के पदों के जो अधियाचन लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को प्रेषित कर दिए गये हैं, उन पर चयन की कार्यवाही लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा ही पूर्ण की जायेगी। सम्प्रति उपलब्ध रिक्तियों/ भविष्य में घटित होने वाली रिक्तियों के विरूद्ध चयन की कार्यवाही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा ही की जायेगी।

आज्ञा से

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-91/2812(1)/47-का-3-14-13/7/2006, तददिनांक,

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
4. सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ।
5. निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, ऐशबाग, लखनऊ को उक्त अधिसूचना को असाधारण गजट में मुद्रित कराने तथा उसकी 2000 प्रतियॉ उपलब्ध कराने के अनुरोध के साथ प्रेषित।

आज्ञा से

(पी0बी0 सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in